आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.10.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

जीएसटी

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के साथ, सरकार ने कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों को कम करके किसानों को राहत प्रदान की है।

कृषि यंत्रों पर जीएसटी की दरों को कम करके किसानों को बड़ी राहत दी है। छोटे छोटे टैक्टर पर 23 हजार रुपये बचेंगे। 35 हॉर्स पावर पर के टैक्टर पर लगभग 43 हजार रुपये बचेंगे और बड़े टैक्टर पर भी लगभग 65 हजार रुपया तक बचेंगे। अलग–अलग कृषि के यंत्र सस्ते हुए हैं। प्रधानमंत्री जी हम आभारी हैं किसानों का हित आपके लिए सर्वोपरि है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया है। शिमला के गेयटी थियेटर में कल एक निजी चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनके अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। और इस बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार द्वारा कई कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

*अभी युवा पीढ़ी से मैं यह ही कहना चाहता हूं की आने वाले समय में जो नशा है उसके खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे है कि चुनौती बड़ी है इस लड़ाई का हम मिलझुल कर सामना करना है खास चिट्टे दू रहे चिट्टा ऐसा जहर है जिसके खिलाफ सरकार तो लड़ाई लड़ रही है लेकिन समाज के सभी वर्ग इस लड़ाई में अपना योगदान देंगे तभी हम सफल होंगे।*

जायजा

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण की तैयारियों का कल जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कल होने वाले होने वाले समारोह के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. वीरभद्र सिंह ने कई साल सत्ता में रहकर जनता की सेवा की है और उनके सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

शिक्षा मंत्रालय – यूपीआई

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों से प्रवेश और परीक्षा शुल्क एकत्र करने के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस–यूपीआई अपनाने का आग्रह किया है। इस कदम का

उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना है। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और एनसीईआरटी, सीबीएसई, केवीएस और एनवीएस जैसी स्वायत्त संस्थाओं को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूलों में वित्तीय लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए यूपीआई अपनाने के लिए जोर दिया है। मंत्रालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नकद भुगतान से डिजिटल भुगतान में बदलाव से स्कूल प्रशासन का आधुनिकीकरण होगा और 2047 तक विकसित भारत लक्ष्य को बल मिलेगा।

निजी बस ऑपरेटरों

निजी बस ऑपरेटरों के कल राजधानी शिमला में बसें नहीं चलाने के निर्णय से लोगों को यातायात समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ऑपरेटरों का कहना है कि बढ़ती डीजल की कीमतें, टैक्स, और रूट परमिट को लेकर जारी असमानता के कारण उन्हें भारी घाटा झेलना पड़ रहा है। यूनियन के प्रधान रूपलाल ठाकुर ने कहा कि 40 किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाली बसों को आईएसबीटी से चलाने की मांग सरकार से की गई है, ताकि लोगों को समय के साथ भारी जाम का सामना न करना पड़े।

*जो हमारी समस्या है यह हमारी 40 किलोमीटर ऊपर बेसन की है तो हमने पहले भी कई बड़ी है हमने सरकार को भी बोला है और हमने हर जगह बात की है लेकिन हमारी कहानी देवी जो है आज दिन तक कोई भी सुनवाई नहीं भी बड़ी अंदर आ रही है आप लोग देख रहे हैं इससे सारी जितनी भी हम प्राइवेट बस वाले हैं सब परेशान हो रहे हैं।*

बैडमिंटन

राज्य स्तरीय अंडर–11 व अंडर–13 बैडमिंटन चैम्पियनशिप आज से शिमला में शुरू हो रही है। इस प्रतियोगिता का आयोजन हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन और शिमला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। शिमला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रशेखर तुर्की ने कहा कि इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ शिमला के विधायक हरीश जनारथा करेंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 12 जिलों से 2 सौ से अधिक लड़के व लड़कियां हिस्सा ले रहे हैं।

———————————